तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 4 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 व्यापारी बोले अंगुली पर अमिट स्याही दिखाने पर मिलेगा ...

10 लोस के तीस फीसदी मतदाताओं को रिझाने ...






## खबर संक्षेप

### क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** क्रिप्टों करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों पर कार्रवाई किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि एमआईजी 37, पदमनाभपुर निवासी राजेश धींगरा ने शिकायत किया है कि आरोपी रायपुर निवासी मोह. मोनिश फारूकी,मोह. सोहेल खान के द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी किया गया है। निवेश के नाम पर दोनो ने कर लाभ दिलाने के नाम पर 22 लाख रूपये की ठगी किया। वर्ष 2021 में उक्त रुपए की ठगी आरोपियों ने पीड़ित से किया है। जिसकी शिकायत एस पी को शिकायत की थी। पीड़ित दोनों आरोपियों से रुपए लौटाने की मांग करने पर लगातार उसे घूमाते रहे। परेशान होने के बाद आरोपियों की शिकायत पुलिस में की गई।

## समस्या

### जागरुकता के अभाव में किसान ले रहे धान की दूसरी फसल

# जिले में तेजी से गिर रहा भू-जलस्तर कई इलाकों में हैंडपंप-बोरवेल सूखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि प्रधान बेमेतरा जिले में गर्मी के सीजन में इन दिनों धान की दूसरी फसल अन्नदाता किसानों द्वारा लिया जा रहा है। लिहाजा आलम यह है कि गर्मी के बढ़ने के साथ ज़िले में जल स्तर का तेजी से कम हो रहा है, जो कि जिलेवासियों के लिए चिंता का विषय है।

■ धान की फसल लेना इस समय नुकसानदायक

जबकि प्रशासन द्वारा नहरों-तालाबों को छोड़ दिया जाए तो जल संरक्षण एवं वाटर लेवल सुधारने की दिशा में कोई खास प्रयास नही किया जा रहा है। स्थिति यह है कि अभी से ज़िलेभर के अधिकांश नदी-नाले व अन्य जलश्रोत पूर्णतः सुख चुके हैं अथवा सूखने के कगार पर है। वहीं पानी का स्तर भी काफी नीचे से तेजी जा रहा है, जिससे अभी से कई इलाकों में हैंडपंप व अन्य जलस्रोत जवाब दे चुके है। जिससे क्षेत्र में जल संकट गहराने लगा है। जिस पर फिलहाल प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।





### फसल लेना नुकसानदेय

दरअसल विगत कुछ वर्षों से गर्मी में धान की उपज का दूसरा फसल किसानों द्वारा तैयार किया जा रहा है, जो साल दर साल बढ़ते क्रम की दिशा में निरंतर प्रगतिशील है। लिहाजा ज़िले में इस बार शिवनाथ, खारुन, सुरही, हॉफ नदी व अन्य सहायक नदियों के किनारों पर बसे गांवों के काफी बड़े हिस्से में खेती का दूसरा दौर गर्मी में जारी रहता है। जिसमे जल की उपयोगिता काफी होती है। विशेषज्ञों द्वारा बताया जाता है कि गर्मी में फसलों का उपज तैयार करना किफायती नही होता है पानी की अधिक डिमांड फ़सल के दौरान होती है जिससे बोरवेल व मोटर पम्पों के सहारे पानी निकालकर फसल की जलापूर्ति की जाती है। बहरहाल गर्मी में धान की बुवाई काफी नुकसानदायक साबित होता है। जबकि इसके उलट धान की दोबारा फसल लेने से क्षेत्र कृषक बन्धु बाज नही आ रहे है, जो कि बड़ा गम्भीर है।

# कलेक्टर ने ली सीईओ सीएमओ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ और महिला बाल विकास के सुपर वाइसर की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने कहा की लोकसभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, छाया जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर प्रशिक्षण एवं मतदान केंद्रो में आवश्यक ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ बैठक में सुपरवाइजर भी रहे मौजूद, कहा- मतदान केन्द्रों में हो सभी व्यवस्था

# गर्मी-लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी



**बेमेतरा।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टीकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में मार्च-मई 2024 का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। अतः ग्रीष्म ऋतु मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। गर्मी के मौसम में लोगों के लू से प्रभावित होने की खबरें प्राप्त होते रहती है। सूर्य की तेजी गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान नियंत्रण प्रणाली में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है। जिससे शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाती है। इस स्थिति को लू लगना (हीट स्ट्रोक) के नाम से जाना जाता है।

**तेज बुखार हो तो तुरंत जाएं डॉक्टर के पास :** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना तथा सिर में तेज दर्द होना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना व जलन होना, पसीना नहीं आना व भूख कम लगना, चक्कर आना तथा कभी-कभी बेहोश हो जाने जैसे लक्षण भी हो सकते हैं। इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल ही उपचार कराया जाना चाहिए। तेज गर्मी के कारण लू लगने के अलावा मांसपेशियों में दर्द, थकावट तथा बेहोशी भी हो सकती है, जिसमें बुखार नहीं होता।

### सीधे धूप से बचने करें प्रयास

सी.एम.एच.ओ. ने कहा कि लू से बचने के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो बाहर नहीं जाना चाहिए। धूप में निकलते समय चेहरा, सिर व कान कपड़े या गमछे से अच्छी तरह से ढंक लेना चाहिए, ताकि गर्म हवाएं सीधे शरीर में प्रवेश न कर सके। बीच-बीच में पानी व अन्य पेय पदार्थ लेते रहना चाहिए। धूप में मेहनत का काम करने वाले व्यक्ति को एक घंटे में एक लीटर तथा साधारण काम करने वाले व्यक्ति को आधे लीटर पानी की आवश्यकता होती है। उसी दर से पानी व अन्य पेय पदार्थ लेते रहना चाहिए। धूप में काम करने वालों को बीच-बीच में छायादार, स्थान में आराम करना चाहिए।


# भाजपा शासन में महिलाएं सुरक्षित एवं सम्मानित हुईं



**नवागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के प्रचार अभियान को गति प्रदान करने पार्टी महिला मोर्चा द्वारा क्षेत्र में महिला वंदन सम्मान समारोह किया गया। इसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए गए कल्याणकारी योजनाओं से मातृशक्ति को अवगत कराते हुए उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रही हैं। शुक्रवार को नवागढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम मऊ में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीना साहू एवं महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय सहित पदाधिकारी शामिल हुई।

■ महतारी वंदन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

दुर्गा सोनी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में महिलाये सुरक्षित एवं सम्मानित हुई हैं, अनेक योजनाओ के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं को लाभान्वित किया हैं। इन लाभान्वित लाभार्थियों के सम्मान के लिए भाजपा गांव-गांव में ऐसे सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने मतदाता सूची का किया निरीक्षण

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में मतदान दलों को उपलब्ध करायी जाने वाली मतदाता सूची का अवलोकन किया। केंद्र में मतदाता सूची को चिन्हांकित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जो कि मतदान दलों को मतदाता सूची उपलब्ध करायेगी। ताकि वह मतदान का कार्य सुचारू रूप से कर सके। इस दौरान नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी व सहायक नोडल अधिकारी आदित्य कुंजाम के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### देशी मदिरा का अवैध विक्रय करते आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा श्याम पेट्रोल पम्प के सामने धमधा दुर्ग रोड, थाना-मोहन नगर में अवैध शराब के परिवहन, विक्रय एवं धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी दर्शन देवराज, आत्मज मेहताबू देवराज उम्र 48 वर्ष, जाति-देवार, निवासी-सिकोलाभाठा थाना मोहन नगर दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 40 नग पाव देशी मदिरा मसाला 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, जिसका बाजार मूल्य 4400 रूपये है, जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर द्वारा विवेचना में लिया गया। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24x7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है।

### सुरक्षित भण्डारण के बारे में दी जानकारी

दुर्ग। लोकसभा चुनाव 2024 हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 01 मई 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित रिट याचिका (सिविल) क्रमांक 343 माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 26 अप्रैल 2024 के अनुसरण में 2023 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के उपयोग और कमीशनिंग के बाद ईवीएम वीवीपैट (एसएलयू) और उसके सहायक उपकरण के सुरक्षित भंडारण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें एसएलयू यूनिट को प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखने तथा मतगणना के बाद प्रयुक्त एसएलयू को याचिका अवधि समाप्त होने तक विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। मतदान के बाद आरक्षित एसएलयू निर्माण कंपनी ईसीआईएल को वापस कर दिया जाएगा।

### श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश

दुर्ग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नियत मतदान दिवस में कारखाना अधिनियम-1948 तथा छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक/कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 07 मई 2024 दिन मंगलवार को राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले से सबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया हैं।

### समाजसेवी किशोर आहूजा ने भाजपा में की वापसी

रायपुर। समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता किशोर आहूजा ने संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष भाजपा में वापसी की। संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने श्री आहूजा को मुकुट और गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर यूनियन क्लब में बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत भव्य आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से किया गया। इस अवसर पर सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक देवजी पटेल, ललित जैसिंघ, गुरुचरण होरा, अमर गिदवानी आदि उपस्थित थे।

# बूथ में पालना घर, ओआरएस घोल और चपरासी भरेंगे कूलर में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी और लू की हवा को शिकस्त देने जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। इस संबंध में गुरूवार को कलेक्टर ने बैठक लेकर बूथ में किए जाने वाले तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली गई। बूथ में बच्चा लेकर आए महिलाओं के लिए पालना घर, बूथ में ओरआरएस घोल की उपलब्धता और केन्द्रों में प्राथमिक उपचार सहित डाक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं उचित प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों से समीक्षा की। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के तहत प्याऊ घर बनाने और मटके में ठंडे पानी, गिलास, मग आदि के साथ ही बैठने की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था, बैंच, आवश्यकतानुसार कूलर-पंखे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को प्रत्येक बूथों में ओआरएस घोल, नीबू का पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखे।

## मतदान केन्द्रों में छांव, पानी की व्यवस्था के साथ इकोफ्रेंडली टेंट लगेंगे

### सेक्टर अधिकारी उपलब्ध कराएंगे घोल

कलेक्टर ने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। हर बूथ में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में ओ.आर.एस. घोल उपलब्ध रहे। सभी बूथों के सेक्टर अधिकारियों के पास मितानिन, एम्बुलेंस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नंबर होना चाहिए। बूथों में सेल्फी जोन बनाएं। कतार व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सहयोगी दल की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो।



### शिक्षा विभाग को दी गई जिम्मेदारी

कलेक्टर प्रत्येक बूथों में भृत्य की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि वे सभी बूथो में पीने के पानी व कूलर में पानी भरने की व्यवस्था कर सके। साथ ही उन्होंने पालना गृह में बच्चों की देखरेख के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भी ड्यूटी लगाने को कहा, ताकि जो भी मतदाता अपने छोटे बच्चों को लेकर आए उसे पालना गृह में देखरेख कर सके। मतदान दिवस पर सभी अस्पतालों के चिकित्सक को सतर्क रहने चिकित्सा अधिकारी को दिए निर्देश दिए है। उन्होंने सरकारी व निजी सभी अस्पताल के एम्बुलेंस बूथ के आसपास राउंड लगाने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एम्बुलेंस की सुविधा ली जा सके। साथ ही वालंटियर भी लगे रहे ताकि अगर किसी की तबियत खराब हो रही है या लाईन में खड़े रहने पर कमजोरी महसूस कर रहा है तो वालंटियर उनकी मदद कर सके।

## तैयारी : पिछले सत्रह चुनाव में लगातार बढ़े हैं आंकड़े, इस बार चुनौती

# लोस के तीस फीसदी मतदाताओं को रिझाने प्रशासन ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इस लोकसभा के चुनाव में वोट नही देने वाले करीब तीस फीसदी मतदाताओं को बूथ तक खिंच लाने प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। अब तक हुए सत्रहवी लोकसभा चुनाव में लगातार मतदान के आंकडे बढत की ओर रही है। इस बार जिला निर्वाचन आयोग ने व्यापारियों से लेकर हास्पिटल संचालको की पहल से वोटरों को मतदान केन्द्र तक लाने भले ही छूट की बौछारे लगा दी है। लेकिन अगर मतदान प्रतिशत नही बढा तो जागरूकता के लिए फूंके जा रहे लाखों रूपए पानी में भी बह जाएगा।

बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का प्रतिशत बढाने पूरी ताकत झोंक दी गई है। गांव में मतदान बढाने मुनादी करने भी निर्देश दिए है। पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में 71.62 फीसदी मतदान के आंकडे सामने आए थे। ऐसे में प्रशासन की कोशिश चल रही है कि, आंकडे शत प्रतिशत हो, लेकिन भीषण गर्मी ओर लू के बीच संपन्न होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन की भी चिंता बढ गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार मतदान में दो घंटे (7-6 बजे) की बढोत्तरी की गई है। वही व्यापारियों से संपर्क कर वोटरों को राहत देने की ओर कदम बढाए गए है। अब देखना है कि, प्रशासन का यह प्रयास कितना कारगर होता है।

### अब तक के आंकड़ों में तीस फीसदी मतदाता ने खुद को किया अलग




### अब तक हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़े

| वर्ष | प्रतिशत | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 48.04 | 1991 | 52.49 |
| 1957 | 41.31 | 1996 | 52.36 |
| 1962 | 43.43 | 1998 | 61.73 |
| 1967 | 52.80 | 1999 | 58.06 |
| 1971 | 45.27 | 2004 | 52.08 |
| 1977 | 59.07 | 2009 | 55.88 |
| 1980 | 57.50 | 2014 | 67.74 |
| 1984 | 66.68 | 2019 | 71.62 |
| 1989 | 61.72 | | |

### पहले चुनाव में 48.04 से 71.62 फीसदी पहुंचा

लोकसभा का पहला चुनाव वर्ष 1951 में हुआ था। इस दौरान लोगों में जागरूकता का अभाव होने के चलते रिकार्ड 48.04 फीसददी मतदान दर्ज किया गया था। वही वर्ष 2014 में मतदान बेहतर रहा। इस चुनाव में 12 फीसदी मतदान बढ़ा था। वर्ष 2009 में 55.88 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था। यह वर्ष 2014 में बढ़कर 67.74 तक पहुंच गया। वर्ष 2019 में 71.62 फीसदी वोटर्स ने मतदान किया। यह पहली बार था, जब मतदान का आंकडा 70 फीसदी उछाल पर रहा। इस साल उम्मीद बढत की है।

### विधानसभा में पांच लाख रूपए खर्च

जानकारी मिली है कि, पिछले विधानसभा चुनाव 2023 में जागरूकता के नाम पर करीब पांच लाख रूपए खर्च हुए है। आयोग द्वारा हर चुनाव में प्रचार के लिए नुक्कड, नाटक, सेमीनार और बैनर पोस्टर के माध्यम से राशि खर्च की जाती है। हांलाकि इस चुनाव में औसत 71.62 से बढकर 74.21 पर रहा। अब तक चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढत की ओर है। लेकिन फिर भी तीस फीसदी मतदाता चुनाव से खुद को अलग रखे हुए हैं, जिन्हें बूथ तक लाने आयोग के लिए चुनौती है।

### बाजार में छूट, फ्री में खाना खिलाने की पहल

विभिन्न व्यापारिक संगठनों के घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर सराफा व्यापारी संघ द्वारा मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा में 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया में प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फ्रूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है। इसके आलावा हास्पिटल में ओपीडी निशुल्क और जांच में 25 फीसदी छूट और भर्ती होने पर कमरा निशल्क देने की पेशकस आठ से बारह तारीख तक की गई है।

# आरपीएफ ने 4 लाख के गांजा के साथ दो को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा से गांजा खरीदकर हरियाणा ले जा रहे दो तस्कर मंगलवार रात रायपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए। उनके बैग की तलाशी लेने पर 20 किलो गांजा जब्त किया गया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि ओडिशा से गांजा खरीदकर वे यात्री बस से रायपुर आए, फिर यहां से ट्रेन के जरिए दिल्ली से हरियाणा जाने की तैयारी में थे।

प्री इलेक्शन सीजर अभियान मंडल के सभी स्टेशनों में चलाया जा रहा है। स्टेशन परिसर के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों की मंडल टास्क और आरपीएफ पोस्ट रायपुर की टीम लगातार सघन जांच कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात सवा दस बजे मुखबिर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक डीसीएचएस बाबू, प्रधान आरक्षक वीसी बंजारे, पीके मेश्राम, आरक्षक देवेश सिंह ने आपरेशन नारकोस के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच बिलासपुर छोर पर स्थित एफओबी सीढ़ी के पास दो संदिग्ध युवकों को बैठा देखकर घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों के पिठ्ठू बैग की तलाशी लेने पर चार-चार पैकेट कुल आठ पैकेटों में 20 किलो गांजा मिला।

गांजे के साथ आरपीएफ के हत्थे चढ़े हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के ग्राम कनीना निवासी दिनेश कुमार (25) और ग्राम नांगल मोहनपुर, पोस्ट रसूलपुर निवासी सतीश कुमार(44) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने कहा कि दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर बैठकर वे ट्रेन आने का इंतजार कर रहे थे। कुछ देर और होती, तो वे आराम से दिल्ली रवाना हो जाते, लेकिन ट्रेन आने से पहले पकड़े गए।

## एक्टिवा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




दुर्ग। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दुर्ग जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप वॉलंटियर दुर्ग नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने अपने एक्टिवा को स्वीप स्लोगन से सजाकर एवम उसी अनुरूप वेशभूषा पहनकर रोड शो किया। अमर हाइट्स से रोड शो को स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया। अमर हाइट्स से शुरू कर शिवनाथ नदी तट, पुलगांव चौक, पटेल चौक , राजेंद्र पार्क, मालवीय नगर चौक से स्टेशन रोड तक रोड शो कर मतदान के लिए जागरूक किया। स्वीप स्लोगन से सुसज्जित एक्टिवा एवम वेशभूषा आकर्षण का केंद्र बना।

### चेक पोस्ट का स्थान परिवर्तन

दुर्ग। लोकसभा चुनाव हेतु व्यय प्रेक्षक द्वारा 29 अप्रैल को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की बैठक आयोजित की गई। व्यय प्रेक्षक द्वारा एसएसटी की ड्यूटी में परिवर्तन, रोटेशन करने हेतु निर्देशित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बीके दुबे ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित चेक पोस्ट पर कार्य कर रहे एसएसटी टीमों के निर्धारित चेक पोस्ट का स्थान परिवर्तन करने हेतु आदेश जारी कर जिला निर्वाचन कार्यालय एवं व्यय प्रेक्षक को सूचित करने कहा है।

### तैयारी के लिए बैठक आज

दुर्ग। मतदान दिवस 07 मई की तैयारियों के संबंध में लोक निर्माण विभाग, दुर्ग जी.ई. रोड कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग के परिसर स्थित के सभाकक्ष में 3 मई 2024 को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की गई है।

## जिले से ड्यूटी में तैनात मतदाता के लिए जांजगीर-चांपा जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

दुर्ग। जांजगीर-चांपा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग जिले से निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदान कर्मी को पोस्टल डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र पोस्टल वोटिंग सेक्टर स्थापित की गई है। इसमें सुरक्षा बल/कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी/कर्मचारी के लिए नवीन ऑडियोटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। इसी प्रकार अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारी के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय, जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 01 मई से 03 मई 2024 तक, प्रातः 09 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है। जिले के छूटे हुए अन्य मतदाता के लिए रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 04 मई से 06 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक समय निर्धारित है।

# अब तक पौने चार करोड़ नगदी सोना, चांदी, शराब भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- निगरानी के लिए प्रशासन ने टीम का किया है गठन

लोकसभा चुनाव के बीच अब तक विभिन्न टीम द्वारा अब तक तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये नकद और तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। जिले में चुनाव से संबंधित अवैध व्यय को रोकने के लिए पुलिस विभाग, आयकर विभाग, केंद्रीय राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, आबकारी विभाग, उत्पाद शुल्क विभाग, रेलवे पुलिस बल आदि प्रवर्तन एजेंसियां कार्यरत है। इसके अलावा विधानसभावार 66 उड़नदस्ते और 66 स्थैतिक निगरानी टीमें गठित की गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने बताया कि, लोकसभा चुनाव की घोषणा तिथि 16 मार्च 2024 से उड़नदस्ता दल (एफएसटी) प्रत्येक विधानसभा के लिए 3 शिफ्टों में 9 टीमों में काम कर रही है। प्रत्येक टीम में 1 मजिस्ट्रेट, 1 पुलिस अधिकारी, 1 सहायक और 1 वीडियोग्राफर हैं। विधानसभावार 66 स्थैतिक निगरानी टीमों के लिए 22 चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं और 3 शिफ्टों में ड्यूटी ली जा रही है। इनकी ड्यूटी अधिसूचना , 12 अप्रैल 2024 से ली जा रही है। इसके पूर्व 02 अप्रैल 2024 से स्थैतिक निगरानी दल की 5 टीमों से जिला बालोद एवं जिला राजनांदगांव की सीमा पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच का कार्य लिया जा रहा है। जिला में अब तक कुल 3,76,10,000/- (तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये) नकद और 3,83,15,000/- (तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये) की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। ये सभी टीमें सामान्य पर्यवेक्षक एस.बी. शेट्टेनवार (आईएएस) और श्रीकेश लाठकर (आईएएस), पुलिस पर्यवेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस), चुनाव व्यय पर्यवेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पट्टनशेट्टी (आईआरएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी (आईएएस) एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (आईपीएस) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं।

## स्पैरो कंपनी की आधी अधूरी जानकारी से चल रही ऑफलाइन वसूली

# चार हजार लखपतियों का नाम डाटा से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- निगम को अब तक नहीं मिला कंपनी से वसूली का डाटा

स्पैरो कंपनी द्वारा नगरनिगम को दिए गए डाटा में करीब चार हजार मकान मालिको के नाम गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी मिली है कि, ये चार हजार करदाता रसूखदार है। जिनसे स्पैरो कंपनी द्वारा या तो टैक्स नही लिया गया है या आर्थिक अनियमितता कर मामले को अंजाम दिया गया है। स्पैरो ने अब तक नगरनिगम को डाटा उपलब्ध नही कराया है।

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी स्पैरो कंपनी द्वारा टैक्स सेटलमेंट किए जाने का आरोप लगा है। इसी तरह सवाल उठ रहे है कि, स्पैरो ने चार हजार मकान मालिको की जानकारी आखिर निगम को क्यो नही दी गई। इधर बकायादारों के नाम सार्वनजिक कर डराने वाली निगम चार हजार रसूखदारों का नाम अब तक स्पैरो कंपनी से नही ले पाया है। वित्तिय वर्ष के अंतिम दो दिन की तीस लाख से अधिक की वसूली की राशि भी स्पैरो द्वारा निगम के खजाने में जमा नही की गई है। गंभीर मामले सामने आने के बाद भी निगम आयुक्त द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही किया जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि, राजस्व घोटाले के इस खेल में निगम के अधिकारी भी शामिल है। यही कारण हैं कि अब तक कोई हिसाब किताब सामने नही आया है।




### कई बकायदारों को नहीं मिली रसीद

जानकारी अनुसार मेहत्तर राम सोनी आ० स्व० रामखिलावन सोनी निवासी गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग निजी मकान मौजा गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग में स्थित है। उन्होने आयुक्त लोकेश चंद्राकर से लिखित शिकायत में कहा हैं कि, मेरे मकान का सम्पत्तिकर टैक्स, जलकर टैक्स वर्ष 2020-21 से 2023-2024 तक टैक्स नगर पालिक निगम के द्वारा भेजा गया। ठेका कर्मचारी निर्णय देवांगन के द्वारा 28 मार्च 2024 को सत्रह हजार चार सौ तिरसठ रूपये नगद ले गया है। लेकिन रसीद नहीं दी गई।

### सेटलमेंट का लग चुका आरोप

आम आदमी पार्टी ने इससे पहले स्पैरो कंपनी के खिलाफ लागतार शिकायत की है। मामला 17 साल के बकाया टैक्स वसूली का था। निगम के संबंधित विभाग के कर्मियों ने इसके लिए पुलगांव के भवन स्वामी को प्रापर्टी का असेसमेंट कर 6 लाख 11 हजार 884 रुपए का डिमांड भेजा। इसके विपरीत उसी दिन कर्मियों ने सेटलमेंट कर भूमि स्वामी से उक्त मियाद का महज 1 लाख 7 हजार 402 रुपए लेकर संपूर्ण टैक्स जमा बता दिया। इस तरह करीब 5 लाख रुपए निगम के खजाने को चोट पहुंचाई गई। इसकी अब तक कार्यवाही नही हुई है। जांच टीम बनाई गई, लेकिन लीपापोती कर लिया गया।

# एक दिन पहले और मतदान के दिन शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- 6 की शाम व 7 मई को शुष्क दिवस घोषित

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये दुर्ग जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के अवसर पर 5 मई 2024 की संध्या 6 बजे से 7 मई 2024 सम्पूर्ण दिवस को देशी विदेशी मदिरा दुकानों के लिए ''शुष्क अवधि, शुष्क दिवस घोषित की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी के आदेशानुसार उक्त अवधि में जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग- कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल 3, 3 (क, ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 7, 8, 9, 9 (क), सी.एस.1, सी.एस. 1-ख, सी.एस. 1-ग, एफ.एल. 10, 10 (क, ख), भांग एवं भांग घोटा की समस्त दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई बंद रहेंगे। साथ ही उक्त अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# पीले चावल-पाती लेकर दूल्हे के हल्दी रस्म मंडप में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिले में पीले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत चुनाव ड्यूटी में लगे प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल संग पाती देकर 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट करने की अपील कर रहे हैं। कलेक्टर गौरव सिंह भी इस अभियान के तहत मतदाताओं से अपील करने शहर में निकले थे। इस दौरान वे एक दूल्हे की हल्दी रस्म मंडप में जा पहुंचे और दूल्हे सहित उसके परिवार को पीले चावल और पाती भेंट कर उनसे वोट करने की अपील की। घर-घर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के पहले दिन कलेक्टर जोरा क्षेत्र में पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, बाल एवं महिला विकास विभाग की अधिकारी निशा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस दौरान कलेक्टर पूरी टीम के साथ जोरा में एक घर में शादी की चल रही तैयारियों को देखते हुए वहां पहुंचे। उस समय उस घर में लगे मंडप पर दूल्हे की हल्दी रस्म अदा की जा रही थी। कलेक्टर ने इस दौरान दूल्हे और उसके परिवार के सभी सदस्यों को शादी की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पीले चावल और पाती भेंट कर मतदान करने की अपील की।

- वोट के लिए मतदाताओं से अपील करने पीले चावल संग पाती बांटने निकले जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी

**परिवार को वोट करने दिया आमंत्रण**



### परिवार ने कलेक्टर से कहा- जरूर आएंगे वोट देने

कलेक्टर के हल्दी रस्म कार्यक्रम में पहुंचने से जोरा निवासी भोई परिवार की खुशियां डबल हो गईं। परिवार के सभी लोगों ने कलेक्टर द्वारा दिए गए पीले चावल व पाती को लेने के बाद उनसे कहा कि वे सभी वोट करने जरूर आएंगे। इस दौरान परिवार ने कलेक्टर को घर आकर मतदान के लिए आमंत्रण देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

## खबर संक्षेप



### मतदान बढ़ाने कलेक्टर से की मुलाकात

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की। इसी दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मतदान बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष दिलीप इसरानी, मनोहर छुगानी, सुनील अजवानी, अशोक इसरानी, शंकर, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, अजीत मोटवानी, मोहन, विजय हेमानी उपस्थित रहे।

### गायत्री परिवार की शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपजोन जिला जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ में रथ के संचालन और अखंड ज्योति को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रमण करने के विषय पर चर्चा हुई, जिला स्तर पर अखंड ज्योति को भ्रमण करने और ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति को गांव-गांव तक ले जाने, गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

### पंजाबी महिला मंडल ने दाना पानी के लिए बांटे सकोरे



**रायपुर।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला मंडल द्वारा मरीन ड्राइव में बुधवार को छाछ एवं चिड़ियों के दाना-पानी के लिए सकोरा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रेनू गुप्ता, मीना बजाज, विजय लक्ष्मी बजाज, उमा डूडेजा, प्रिया नारंग, उर्मिला अरोड़ा, संतोष सूरी, सुरेखा कुमार, रीता चोपड़ा, बिंदु बग्गा, अलका मोदी, किरण बत्रा, शशि डूरेजा, अंजू अरोड़ा सदस्य उपस्थित थे।

### 'रैपिडो और चुनाव कार्यालय की पहल', मतदाताओं को मिलेगी परिवहन सेवा



**रायपुर।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट एप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल लांच की है। रायपुर जिला चुनाव कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई को रायपुर के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाइक, टैक्सी राइड उपलब्ध कराएगी। 150 बाइक, टैक्सी कैप्टंस के साथ इस रैली को कलेक्टोरेट परिसर, मल्टी पार्किंग, घड़ी चौक से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## निधन

### हुकुमलाल साहू



**बेमेतरा।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोथीपार निवासी 62 वर्षीय हुकुमलाल साहू का निधन शुक्रवार को हो गया है। वह वर्तमान में जल संशाधन विभाग बेमेतरा मे पत्रवाहक के पद पर सेवारत थे।वे राकेश एवं चिमन साहू के पिता व बिरझा बाई के पति थे। उनकी अंत्योष्ठि ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें सामाजिक बंधु सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हितग्राही अभी भी राशन दुकानों के चक्कर काट रहे

# राशन दुकानों में चावल सप्लाई में देर, नान-ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी एक-दूसरे पर फोड़ रही ठीकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उचित मूल्य की दुकानों में दो माह का चावल एक साथ हितग्राहियों को बांटा जाना है, लेकिन राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर करने के कारण अब तक जिले में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है। शेष हितग्राही अभी भी दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) प्रबंधक का कहना है कि इसके लिए होरा ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी जिम्मेदार है, क्योंकि इसके लिए एजेंसी पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं दूसरी ओर एजेंसी ने नान प्रबंधक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

एजेंसी का कहना है कि देर से डीओ कटने, कम कार्यदिवस मिलने, बिल देर से जेनरेट होने तथा नान से भुगतान में देर किए जाने आदि कारण से चावल की सप्लाई में विलंब हुआ है। इस तरह नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी दोनों चावल सप्लाई में देर के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।




### छोटी दुकानों में अभी भी चावल की कमी

नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी के विवाद के कारण चावल सप्लाई में देरी पर कलेक्टर की नाराजगी के बाद राशन दुकानों में चावल की सप्लाई तेज कर दी गई है। हालांकि इसके बाद भी शहर में गली-मोहल्लों में खुली छोटी-छोटी दुकानों में चावल की कमी बनी हुई है, जिसके कारण हितग्राहियों को दो महीने का चावल नहीं मिल पा रहा है।

### दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर सप्लाई की जा रही

होरा ट्रांसपोर्टिंग के अलावा दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर चावल की सप्लाई की जा रही है। अप्रैल का शत-प्रतिशत चावल आबंटन किया जा चुका है। मई का भी 70-80 प्रतिशत आबंटन हो चुका है।

**- डीएम पांडेय,** प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

### नान-एजेंसी के बीच बढ़ा विवाद

हरिभूमि ने राशन दुकानों में चावल सप्लाई प्रभावित की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद नान और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी होरा के बीच विवाद बढ़ गया है। दोनों एक-दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराने लगे। सूत्रों के अनुसार इस मामले को कलेक्टर गौरव सिंह ने भी संज्ञान लिया था, जिसके बाद उन्होंने नान प्रबंधक और एजेंसी दोनों से बातचीत की थी। प्रबंधक ने राशन दुकानों में परिवहन किए गए चावल की रिपोर्ट पेश की थी। इस रिपोर्ट के एवज में एजेंसी ने भी एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें उन्होंने नान प्रबंधक की रिपोर्ट को गलत बताया था। नान की ओर से प्रबंधक ने भी एजेंसी की रिपोर्ट को गलत बताया है। कलेक्टर से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया है।

### अप्रैल में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को बंट पाया दो माह का चावल

राशन कार्ड धारकों को दो महीने चावल एक साथ वितरित किए जाने का आदेश शासन ने मार्च में जारी किया था। इसके तहत हितग्राहियों अप्रैल और मई का चावल एक साथ वितरित किया जाना था, लेकिन नान के माध्यम से राशन दुकानों को की जाने वाली चावल की सप्लाई में ही देर कर दी गई। राशन दुकानों को अप्रैल का चावल ही उस माह में शत प्रतिशत सप्लाई नहीं की गई, वहीं कई दुकानों में मई का चावल भी आधा ही पहुंच पाया। इसके कारण पिछले माह 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मचाई धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा के विद्यार्थियों ने अमेरिकन फिल्ड सर्विसेस (ए.एफ.एस. इंडिया) अंतर्गत इंटर कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम गोटन, (राजस्थान) की सुप्रसिद्ध बोर्डिंग स्कूल एल.के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित सात दिवसीय प्रोग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर अपनी कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपरोक्त एक्सचेंज प्रोग्राम का मकसद सम्पूर्ण भारत से आए विभिन्न संस्कृति के विद्यार्थियों के द्वारा एक दूसरे से अपने क्षेत्र एवं राज्य के संस्कृति को आदान-प्रदान करना एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा कराना है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को क्रीड़ा, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं शैक्षिक क्षेत्र के नए-नए अवसरों से अवगत कराना है। उसी प्रकार ए.एफ.एस. इंटर कल्चरल प्रोग्राम एक अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक, गैर-सरकारी, गैर लाभकारी संगठन है, जो लोगों को अधिक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और समझ विकसित करने के लिए इंटरकल्चरल गतिविधियों को सीखने के लिए मदद करता है। जिसमें देश एवं विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालय हिस्सा है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा ने उपरोक्त एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए एक उच्च मापदण्ड के तहत जिसमें लिखित परीक्षा, छात्र-छात्राओं का विद्यालय में अनुशासन व कार्यकुशलता जैसे मापदण्डो में उत्तीर्ण होने के बाद विद्यालय के कक्षा आठवीं से दसवीं तक के 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिनके नाम निम्नानुसार हैः- नियति गोयल, चहक पटेल, अलिना बिनू मथाई, अर्नव सिंह गौतम, गोपिका सिन्हा, अक्षत तिवारी, शिवानी पटेल, प्रिंस कुर्रे, श्रद्धा पटेल, अनस अहमद, अनुप्रिया बनाफर, आर्यन चन्द्रवंशी, मौर्य सुराना। सभी छात्र-छात्राएं 7 दिवस तक ए.एफ.एस. अंतर्गत अलग-गलग कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के साथ मिलकर विभिन्न आयोजनो में सम्मिलित हुए।

- गोटन-राजस्थान में एक सप्ताह चला कार्यक्रम

## जेम एंड ज्वेलरी के विद्यार्थियों ने सराफा बाजार में स्टडी और इंटर्नशिप को प्रायोगिक तौर पर जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विद्यार्थियों ने कई जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय द्वारा संचालित जेम एंड ज्वेलरी कोर्स की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों ने गुरुवार को अपने विषय को प्रायोगिक तौर पर देखने व समझने सदरबाजार के विभिन्न जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया। उनका यह भ्रमण जेम एंड ज्वेलरी स्टडी और इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत था।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के रत्नाभूषण प्रतिष्ठान जेवर में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ में रत्नाभूषण उद्योग के भविष्य, इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता, रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री मालू ने छात्र-छात्राओं को हालमार्क ज्वेलरी, रत्न आभूषण में उपभोक्ता संरक्षण, क्वालिटी कंट्रोल, छत्तीसगढ़ की परम्परागत ज्वेलरी, रत्न आभूषणों में बदलते ट्रेंड, हेंड मेड ज्वेलरी, कास्टिंग ज्वेलर्स, जियो राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव, सोने चांदी की कीमत, सोने चांदी जैसे मूल्यवान धातुओं व आम उपभोक्ताओं के खरीदने की क्षमता पर खुलकर चर्चा की।

सवाल जवाब के बीच उन्होंने अपनी जिज्ञासा भी शांत की। आधुनिकता के दौर में परम्परागत विधि से सोने चांदी को परखने की विधि के संबंध में भी श्री मालू ने उन्हें अवगत कराया।

## भागवत महापुराण से मिलता है मोक्ष : पं. मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अनैतिक कार्य न करने व शराब न पीने का दिलाया संकल्प

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में मां महामाया मंदिर के भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गुरुवार को कथा में बताया कि भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप नारायण ही है, जो मोक्ष का मार्ग दिखलाती है।

श्रीमद भागवत महापुराण सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है। इसे केवल बुढ़ापे में नहीं, बल्कि बचपन में, युवा, हर अवस्था में, हर कोई सुन सकता है और सुनना चाहिए। उन्होंने कथा में भगवान बलराम और कृष्ण की बहन सुभद्रा का विवाह अर्जुन के साथ होने, ऋषि दुर्वाशा का यदुवंशियों को श्राप तथा भगवान के स्वधाम गमन की कथा सुनाई।

### भागवत महापुराण सुनने से मिलती है सुख-शांति

भागवताचार्य ने कहा कि मनुष्य आज सुख-शांति पाने के लिए न जाने कितने उपाय करता है। दौड़-भाग करते रहते हैं, लेकिन भागवत महापुराण सुनें तो सुख-शांति अपने आप मिल जाती है, कष्ट दूर हो जाता है और मोक्ष पद की प्राप्ति भी होती है। कथा के समाप्ति के बाद पं. मनोज शुक्ला ने भक्तों को स्वयं व अपने आसपास अनैतिक कार्य न करने व जुआ, शराब से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

## सड़क हादसे में घायल डॉक्टर के परिवार को अब तक नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर डॉ. एम अनीस मेमन के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला है। डॉ. मेमन उनकी पत्नी तथा बेटा छह मार्च को टहल रहे थे। इसी दौरान नशे में धुत्त कार सवार लड़कों ने डॉक्टर के परिवार का एक्सीडेंट कर दिया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार सवार लड़कों को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन पुलिस पर उन लड़कों को छोड़ देने तथा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को रफा दफा करने का आरोप है।

डॉक्टर मेमन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया है कि घटना दिनांक को वे अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ कैनाल लिंक रोड के श्याम नगर चौक के पास रात 11 बजे टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से डॉ. मेमन के पैर तथा कंधे की हड्डी टूट गई। साथ ही डॉक्टर के बेटे का पैर फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर की पत्नी अब तक पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई है। डॉक्टर की पत्नी के सिर के साथ दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। पैरों में स्टील की प्लेट लगानी पड़ी है। डॉक्टर की पत्नी का दो बार ऑपरेशन करना पड़ा। ठीक नहीं होने पर तीसरी बार भी ऑपरेशन किया जा सकता है।

- पुलिस जांच पर उठ रही अंगुली, घटना के दो माह बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर
- आरोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया

### आरसी बुक में मालिक का नाम बदला

घटना के बाद हुंडई कार सीजी 04 एमएफ 2588 की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई। नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक के बारे में जानकारी जुटाई गई, तो कार किसी संधू सेन नाम की महिला के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। दूसरे दिन सात मार्च को नंबर के आधार पर सर्च किया गया, तो कार रामकुंड निवासी किसी सकलेन शेख के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाई गई।

### सुपुर्द करने के बाद भी अज्ञात पर उठ रही अंगुली

डॉक्टर मेनन के मुताबिक घटना के बाद उनकी पत्नी तथा बेटा बेहोश हो गए थे। रास्ते से गुजर रहा एक ओला चालक उन्हें रामकृष्ण अस्पताल लेकर गया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार चालक का टायर बर्स्ट हो गया। इस वजह से बदमाश भाग नहीं पाए। तब तक मौके पर भीड़ पहुंच चुकी थी। भीड़ ने कार चालक तथा कार पर सवार दो अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने अब तक घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान तक दर्ज करना उचित नहीं समझा।

## शिवरतन बोले -जनता कांग्रेस के झांसे में आने वाली नहीं

**रायपुर।** कोरबा की एक आमसभा में प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, अपनी दादी का झूठा गुणगान करके कोरबा की जनता को झांसा नहीं दे पाएंगी। अब प्रदेश की जनता कांग्रेस के झांसे में आने वाली नहीं है। कोरबा की सांसद और उनके पति चरणदास महंत ने कांग्रेस की सरकार में एक भी विकास कार्य नहीं किए हैं, जिसे आप गिना पाएं। इसीलिए आप अपनी दादी के नाम पर वोट मांग रही हैं। शायद आपको भी मालूम हो गया है कि जनता द्वारा नकारे जा चुके भूपेश के नाम पर कांग्रेस को एक वोट भी नसीब नहीं होगा। इसीलिए अपनी दादी का नाम ले रही हैं। श्री शर्मा ने कहा, पहले भाजपा के संकल्प पत्र को आप भले ही न पढ़ीं हों, लेकिन जनता को मालूम है कि मोदी की गारंटी है ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। संविधान और लोकतंत्र विरोधी बातें तो कांग्रेस के अन्याय पत्र में हैं। जनता जानती है कि अगर कांग्रेस की केंद्र में सरकार आई तो वह स्त्री धन, विरासत पर संपत्ति कर तो वसूलेगी। इसके साथ ही जनता को लूटकर देश का मान मर्दन करने का काम करेगी।

## अब संविधान के बुनियादी ढांचे को बदलने की तैयारी, चुनाव में सरपंचों जैसे दांव-पेंच

**रायपुर।** देश में वर्तमान लोकसभा चुनाव कई मायने में असामान्य सा लगने लगा है। इस चुनाव के महत्व व मायने अब जनता समझने लगी है। अभी केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी के बड़े नेता 400 पार के दावे कर रहे हैं। इसे मतदाता भी देख और समझ रहे हैं। भारत जोड़ो अभियान का हिस्सा होने के नाते लोगों से चर्चा में यह महसूस भी किया है। नए-पुराने दौर की बातों का जिक्र करते हुए दोपहर एक बजे भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू हुए। इससे पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और अरविंद सोनवानी ने अभियान योगेन्द्र यादव का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े अनुभव व सवालों के जवाब में कई बाते कहीं। बताया कि यह चुनाव लोकसभा के बजाय संविधान सभा का ज्यादा लग रहा है।

## पेज 9 के शेष

### कलेक्टर ने ली ...

व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए बिजली, पानी, पंखा, शेड व छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा है। कलेक्टर ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नियमित रूप से स्वीप गतिविधियां करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी मतदान केंद्रों में एक एक कमरा रिजर्व रखना हैं ताकि आवश्यकता पडने पर वहां पर मतदाताओं कों सुविधा मिल सके ताकि मतदाताओं कों सुखद अनुभव मिले । मतदान केंद्रों में जितने भी नवाचार हो वो करें ।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी सहित सभी अधिकारी कर्मचारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ एवं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर उपस्थित थे ।

### भाजपा शासन में ....

रीना साहू ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देकर साबित किया है कि वह उन्हें पूर्ण अधिकार देने की वकालत ही नहीं काम भी करती है। मधु राय ने कहा कि यह निश्चित हो गया हैं कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल भारी मतों से विजयी हो रहे हैं। अब हमे उनके जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु घर-घर संपर्क करके शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष खेमिन साहू, प्रमिला साहू, शीलू साहू, ताराचंद पाल, निर्मल साहू, रमेश निषाद, डेरहु साहू, दिलेश्वर ध्रुव, बसंत साहू, दुर्गेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई भाठा काजल चौक के पास सट्टा पर्ची लिख रहे आरोपी लोचन कुमार बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरिये के पास से पुलिस ने 2650 रुपए नगद सट्टा पट्टी जब्त किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा संगम चौक निवासी संजय उर्फ बंटी निषाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक सीजी 07 सीपी 0469 में शराब लेकर जा रहा था। पुलिस ने चेक करने पर बाइक से 32 नग देशी प्लेन अवैध शराब जब्त कियाष जिसकी कीमत 2880 रुपए आंकी गई है।

### क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों पर कार्रवाई किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि एमआईजी 37, पदमनाभपुर निवासी राजेश धींगरा ने शिकायत किया है कि आरोपी रायपुर निवासी मोह. मोनिश फारूकी,मोह. सोहेल खान के द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी किया गया है। निवेश के नाम पर दोनो ने कर लाभ दिलाने के नाम पर 22 लाख रूपये की ठगी किया। वर्ष 2021 में उक्त रुपए की ठगी आरोपियों ने पीड़ित से किया है। जिसकी शिकायत एस पी को शिकायत की थी। पीड़ित दोनों आरोपियों से रुपए लौटाने की मांग करने पर लगातार उसे घूमाते रहे। परेशान होने के बाद आरोपियों की शिकायत पुलिस में की गई। यह रुपए कोरोना काल के दौरान आरोपियों ने लिया था। तालपुरी निवासी मनोज कुमार ने भी आरोपी मोह. मोनिश फारूकी,मोह. सोहेल खान के खिलाफ ठगी का मामला भिलाई नगर थाने में दर्ज कराया है। मनोज कुमार श्रीवास्तव की शिकायत में वर्ष 2015 में क्रिप्टोकरेंसी के नाम से पैन की ठगी की थी।

### बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया। घटना में बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर निवासी भरत बंजारे ने शिकायत किया है कि उसके मोबाइल पर सूचना मिली कि चाचा देवेंद्र बघेल का एक्सीडेंट हो गया है। भिलाई-चरोदा अस्पताल में उसे भर्ती किया गया है। तुरंत चाचा को देखने अस्पताल पहुचा जहां उपचार चल रहा था। चाचा बाइक सीजी 07 बीजेड 1385 से जा रहा था। इस दौरान पार्थिवी कालेज चौक गनियारी औंधी सिरसाकला मोड रोड अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया। हादसे में चाचा देंवेद्र बघेल के सिर, पैर गर्दन में चोटे आई है।

## लोकसभा चुनाव : मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए छाया-पानी की हो पर्याप्त व्यवस्था

# संभागायुक्त-आईजी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संभागायुक्त श्री राठौर ने जिले में मतदान की तैयारियों के संबंध मे जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।




### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान दिवस की तैयारी कर ली गई है । उन्होंने जिले में अब तक की गयी तैयारियों का ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया एवं मतदान दलों के प्रशिक्षण के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान केन्द्रों, संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए मतदान दलों के प्रशिक्षण के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने दिव्यांग और बुजुर्गों के मतदान सुविधा हेतु पोस्टल बैलेट, अनिवार्य सेवा के तहत मतदान के संबंध में भीजानकारी दी। उन्होंने मतदान संपन्न कराने हेतु ईवीएम, वाहनों की उपलब्धता, स्ट्रांग रूम इत्यादि के संबंध में अवगत कराया।

### सुरक्षा तैयारी पूरी : एसपी

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले में कानून व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने क्षेत्र में लगातार गस्त की जा रही हैं। साथ ही संदिग्ध एवं आपराधिक गतिविधियों एवं व्यक्तियों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। जिले में बनाए गए चेकपोस्टों पर वाहनों की गहनता से जांच कर अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की सम्पूर्ण तैयारी के संबंध में बताया । उन्होंने जिले मे तीनो विधानसभा क्षेत्र की जानकारी दी, इसके अलावा उन्होंने संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र एवं आदर्श मतदान केंद्रों के बारे में बताया। जिले में मतदान के प्रतिशत कों बढ़ाने के लिए जिले में हो रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा की जिन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम हैं उन क्षेत्रों कों विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। सीईओ ने बताया की जिले में महिला तथा पुरुष मतदाता मिलाकर कुल 6 लाख 68 हज़ार मतदाता है।

### पुलिस और प्रशासन समन्वित रूप से करें काम : आईजी

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने निर्देशित किया गया कि पुलिस और प्रशासन समन्वित रूप से कार्य कर जिले में शांतिपूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराये। उन्होंने पुलिस और आबकारी के द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए की कार्यवाही करने के निर्देश दिए । निर्वाचन के समय पुलिस प्रशासन सेक्टर अधिकारी से लगातार समन्वय पर रहने के निर्देश दिए । मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरों कों पहले से ही अच्छे से व्यवस्थित कर लेने के निर्देश दिए । इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।

### गाइडलाइन का हो बेहतर पालन : आयुक्त

बैठक में संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाइडलाइन का अक्षरशः ज्ञान निर्वाचन प्रक्रिया को सुलभ बनाता है। उन्होंने निर्देश दिये कि दिव्यांगजनों और 85+ आयु के वृद्धजनों के लिए घर पर मतदान की पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध कराये। मतदान केन्द्रों पर जरूरी सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, छाया, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता आदि की समुचित व्यवस्था की जाए और मेडिकल टीम भी केंद्रों में सक्रिय रहें, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो । उन्होंने पर्याप्त सुविधा रखने की बात कही । वल्नरेबल और क्रिटीकल मतदान केन्द्रों की मैपिंग के लिए सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस का ओरिएंटेशन किया जाए। मतदान कर्मियों को अच्छी तरह प्रशिक्षण दिया जाये। रिजर्व ईवीएम के लिए उचित प्रबंधन करें।

## व्यापारी बोले अंगुली पर अमिट स्याही दिखाने पर मिलेगा डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय व्यापारी संघ के सदस्यों की ली बैठक

लोकसभा निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र 07- दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68-साजा, 69-बेमेतरा व 70-नवागढ़ में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

ज़िले में निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्थानीय व्यापारी संघ के सदस्यों, व्यापारियों, विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान मालिकों आदि की बैठक ली। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि ज़िला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों के जिरए निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने लिए ज़िला प्रशासन नवाचार कर रहा है। बैठक में ज़िला अधिकारियों के साथ राजू देवांगन - राज एजेंसी, संतोष जैन सुमित बाजार, बादल सिंह सुरुचि रेस्टोरेंट, कमल लखानी कमल इंटरप्राइजेस, रविपाल सिंह इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रिनिक्स, केशव मोटवानी रामा हौंडा एजेंसी, विमल लखानी विमल इंटरप्राइसेज, हरप्रीत सिंह हल्दी राम एजेंसी, अमित अग्रवाल फ्लेक्स, मोहम्मद इरफ़ान किराना स्टोर उपस्थित थे। कलेक्टर ने उपस्थित व्यापारियों से ज़िले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने सहयोग की अपेक्षा की। जिला प्रशासन की पहल पर प्रतिष्ठानों ने भी मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की है। अंगुली पर अमिट स्याही दिखाने वाले मतदाताओं को चिन्हित दुकानदारों से खरीदारी, रेस्टोरेंट में डिस्काउंट देने की की बात कही। लोकसभा आम निर्वाचन की मतदान तिथि 7 मई वाले दिन मतदान करके अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखा कर ग्राहक डिस्काउंट का लाभ ले सकेंगे। इस संबंध में आज ही व्यापारी संघ के और सदस्यों से चर्चा करेंगे। और इसका प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को जानकारी देंगे।



## योजना से महिलाएं हुईं आर्थिक रूप से सशक्त : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं का सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने वार्ड नं. 15 एवं 16 में संयुक्त रूप से किया।

उक्त सम्मेलन में महिला हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस योजना से महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की और प्रत्येक महिला को 1 हजार रूपये महिना शासन से प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अपना पूरा प्रयास किया। श्री शर्मा ने महतारी वंदन योजना की लाभ प्राप्त महिलाओं का सम्मान किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को बेमेतरा नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में सम्पर्क कर भाजपा को वोट देने की अपील करने के लिए कहा। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव की सरकार ने 4 माह के अपने अल्प कार्यकाल में महिलाओं के खाते में 3 किश्त डाल दी है। और जो भी महिलाए इस योजना से वंचित है वो वार्ड पार्षद के माध्यम से इस योजना का फार्म भर सकती है। इस अवसर पर महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, रीनादेवी साहू, नीतू कोठारी, सावित्री देवांगन, हेमलता शर्मा, ममता मिश्रा, राधा यादव, अमिता मिश्रा, नीनू पटेल, सावित्री साहू सहित अनेको महिलाएं उपस्थित थी।



## अवैध कटाई जोरों पर...



**साजा।** अंचल में अवैध लकड़ी कटाई जोरों से चल रही है। प्रतिदिन दर्जनों गाड़ियां शहर से गुजर रही है। माफियाओं का हौसला इतना बुलंद है की थाने के सामने भी गाड़ी खड़ी करने से नहीं घबराते। बता देना लाजमी हो कि लकड़ी तस्करों के लिए यह सबसे आसान मार्ग है, कई बार रात में भी दर्जनों गाड़ियां राजधानी तक जाने के लिए इसी रोड का इस्तेमाल करती है। आज तक कभी कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

## लू-तापघात, आपात हालत से निपटने कंट्रोल रूम तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है । जिसके परिपेक्ष में लू-तापघात से व्यापक तैयारी / बचाव हेतु जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट भवन स्थित कक्ष क्रमांक 04 में नियंत्रण कक्ष 31 मई तक 24 घंटे क्रियाशील रहने आदेशित किया हैं। कक्ष कमांक 04 में स्थापित नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नबर 07824-222103 पर आपात स्थिति की सूचना दी सकती है। उक्त नियंत्रण कक्ष के सूचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई हैं । ड्यूटी में लगे कर्मचारियों कों पालीवार प्रातः 6 से दोपहर 10 बजे तक, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक एवं रात 10 से प्रातः 6 बजे तक ड्यूटी करेंगे । कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर नियत्रण कक्ष मे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे एवं नियंत्रण कक्ष में रहकर ड्यूटी के दौरान तू-तापघात नियत्रण पजी सधारित करेंगे।



आपदा की स्थिति आने पर लू-तापघात नियत्रण कक्ष में सूचित करने वाले व्यक्ति के नाम पता एवं आपदा का विवरण दिनाक सहित पजी में उल्लेख करेंगे। सबंधित आपदा पीडित स्थल व व्यक्ति के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभारी अधिकारी / सहायक प्रभारी अधिकारी को तत्काल सूचित करते हुये अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे ।




पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

